collegebatch.com

Series **E1GFH/2**

***Set No. 3***

प्रश्न-पत्र कोड **2/2/3**

*अनुक्रमांक*

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*

# हिन्दी (आधार)

# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **'ब'** । कुल प्रश्न 13 हैं ।*

(ii) ***खंड-'अ'** में 45 बहुविकल्पी वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 उपप्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iii) ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

(iv) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

(v) *दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

(vi) *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **10 × 1 = 10**

राष्ट्रपिता, महात्मा गांधी सार्वजनिक और निजी स्वच्छता के प्रति चिंतित थे । दक्षिण अफ्रीका में बिताए दिनों के बाद से ही यह उनके सत्याग्रह अभियान का हिस्सा था । गांधी जी के लिए, समाज में स्वच्छता के लिए अभियान एक जाति विहीन और स्वस्थ समाज बनाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग था । उन्होंने स्वच्छता को व्यक्तिगत जिम्मेदारी बनाने और इसे अस्पृश्यता को दूर करने की कुंजी मानने के अपने विचार को दोहराते हुए कहा था, "हर कोई अपना स्वयं का सफाई कर्ता है ।" गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका में थे तभी से उन्होंने अपनी साफ-सफाई का काम स्वयं करना शुरू कर दिया था और भारतीयों को भी सलाह दी थी कि वे अपना शौचालय साफ और सूखा रखें । वे जब भारत लौटे, तो उन्होंने दृढ़ता से भारतीयों के लिए स्वच्छता और उन्हें स्वच्छता के प्रति शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया ।

गांधी जी ने कहा था, "स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक महत्त्वपूर्ण है ।" हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर गांधी जी के विचारों से प्रेरणा ली और उनकी जयंती पर 'स्वच्छ भारत अभियान' शुरू किया । यह अभियान एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया और प्रधानमंत्री ने प्रत्येक भारतीय से इसमें शामिल होने और अपने आस-पास सफाई रखने का आग्रह किया ।

collegebatch.com

इस राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान देने और स्वच्छता की बढ़ती चुनौतियों को दूर करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार-कल्याण मंत्रालय ने एक बहु-आयामी कार्यनीति अपनाई और स्वच्छता तथा स्वास्थ्य में सुधार के लिए कई पहल कीं । 2015 के बाद से इसने विशेष रूप से स्वच्छता को अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार लाने के अपने प्रयासों का केन्द्र बिंदु बनाया है । ये पहल अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों और लोगों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करती है और अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर इसे समग्रता से कार्यान्वित करती है ।

स्वास्थ्य और परिवार-कल्याण मंत्रालय की कायाकल्प पहल में सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में केन्द्र सरकार के संस्थानों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी ढाँचे में सुधार, स्वच्छता व स्वास्थ्यकारिता और संक्रमण-नियंत्रण कार्यों में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी । स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन कई मानदंडों के आधार पर किया जाता है, और हर साल प्रत्येक स्तर पर अधिकतम अंक पाने वाले संस्थानों को कायाकल्प पुरस्कार प्रदान कर मान्यता दी जाती है ।

(i) महात्मा गांधी की प्रमुख चिंता थी – **1**

(a) स्वच्छता (b) सत्याग्रह

(c) जाति-पाँति (d) छुआछूत

(ii) प्रधानमंत्री द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत कब की गई ? **1**

(a) स्वतंत्रता दिवस से (b) गणतंत्र दिवस से

(c) गांधी जयन्ती से (d) सद्भावना दिवस से

(iii) 'अस्पृश्यता' से आप क्या समझते हैं ? **1**

(a) जातीय भेदभाव (b) वर्गीय भेदभाव

(c) आर्थिक भेदभाव (d) सामाजिक भेदभाव

(iv) भारतीयों को स्वच्छता के प्रति शिक्षित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी ? **1**

(a) स्वच्छता को लेकर सामाजिक भेदभाव के कारण

(b) भारतीयों द्वारा स्वच्छता के कार्य को हेय मानने के कारण

(c) स्वच्छता स्वयं का कार्य नहीं मानने के कारण

(d) स्वच्छता के महत्त्व को नहीं समझने के कारण

collegebatch.com

(v) 'स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक महत्त्वपूर्ण है' – कथन का आशय है – **1**

(a) स्वच्छता स्वतंत्रता का आधार

(b) स्वस्थ नागरिक से स्वतंत्रता

(c) स्वच्छता सबसे आवश्यक

(d) स्वच्छता से स्वास्थ्य

(vi) स्वास्थ्य और परिवार-कल्याण मंत्रालय का संबंध है – **1**

(a) छोटे बच्चों के स्वास्थ्य से (b) स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से

(c) भारत सरकार की योजनाओं से (d) अस्पताल तथा कर्मचारियों से

(vii) किसी भी देश में योजना बनाने का उद्देश्य होता है – **1**

(a) अधिकाधिक धन कमाना।

(b) संबंधित व्यक्तियों को लाभ पहुँचाना।

(c) देश के नागरिकों तक सुविधा पहुँचाना।

(d) लोगों को योजना के बारे में बताना।

(viii) 'कायाकल्प पहल' योजना के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रमों में इनमें से क्या सम्मिलित नहीं है ? **1**

(a) संक्रमण नियंत्रण कार्यक्रम

(b) स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम

(c) स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम

(d) शिक्षा संबंधी कार्यक्रम

(ix) स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जागरूकता की आवश्यकता क्यों है ? **1**

(a) बीमारियों से बचने के लिए

(b) जनता को जागरूक करने के लिए

(c) स्वस्थ समाज बनाने के लिए

(d) देश के विकास के लिए

(x) स्वच्छता को आप किस प्रकार की जिम्मेदारी मानते हैं ? **1**

(a) सामूहिक (b) पारिवारिक

(c) सामाजिक (d) व्यक्तिगत

collegebatch.com

2. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी **एक** काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले सही विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

**काव्यांश–एक**

अलग नगर के कोलाहल से, अलग पुरी–पुरजन से
कठिन साधना में उद्योगी लगा हुआ तन–मन से ।
निज समाधि में निरत, सदा निज कर्मठता में चूर,
वन्यकुसुम–सा खिला कर्ण, जग की आँखों से दूर ।

नहीं फूलते कुसुम मात्र राजाओं के उपवन में,
अमित बार खिलते वे पुर से दूर कुञ्ज–कानन में ।
समझे कौन रहस्य ? प्रकृति का बड़ा अनोखा हाल
गुदड़ी में रखती चुन–चुन कर बड़े कीमती लाल ।

जलद–पटल में छिपा, किंतु रवि कब तक रह सकता है ?
युग की अवहेलना शूरमा कब तक सह सकता है ?
पाकर समय एक दिन आखिर उठी जवानी जाग,
फूट पड़ी सबके समक्ष पौरुष की पहली आग ।

रंगभूमि में अर्जुन था सब समाँ अनोखा बाँधे
बढ़ा भीड़–भीतर से सहसा कर्ण शरासन साधे ।
कहता हुआ, 'तालियों से क्या रहा गर्व में फूल ?
अर्जुन ! तेरा सुयश अभी क्षण में होता है धूल ।'

तूने जो जो किया, उसे मैं भी दिखला सकता हूँ,
चाहे तो कुछ नयी कलाएँ भी सिखला सकता हूँ ।
आँख खोलकर देख, कर्ण के हाथों का व्यापार
फूले सस्ता सुयश प्राप्त कर, उस नर को धिक्कार ।।

collegebatch.com

(i) काव्यांश में कठिन साधना में निरत किसे बताया गया है ? 1

(a) कर्ण (b) अर्जुन

(c) भीम (d) दुर्योधन

(ii) प्रकृति का रहस्य समझ से परे क्यों होता है ? 1

(a) शक्ति और सामर्थ्य से अलग घटना होने से

(b) प्रकृति में विद्यमान भिन्नताओं से

(c) प्रकृति के रहस्यों से अनजान रहने से

(d) मनुष्य का अपना सीमित सामर्थ्य होने से

(iii) जलद-पटल में छिपा, किंतु रवि कब तक रह सकता है – पंक्ति का भाव है – 1

(a) बादल सूर्य को ढक नहीं सकता ।

(b) प्रतिभा को छिपाया नहीं जा सकता ।

(c) बादल रूपी चादर सूर्य को ढक लेती है ।

(d) सूर्य शक्ति का प्रतीक है ।

(iv) कर्ण ने अर्जुन को क्यों ललकारा होगा ? 1

(a) अपनी धनुर्विद्या दिखाने के लिए

(b) अपनी योग्यता बताने के लिए

(c) अर्जुन से अपने को श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए

(d) समाज को अपनी कला दिखाने के लिए

(v) कर्ण किस प्रकार के मनुष्य को धिक्कारता है ? 1

(a) कायर मनुष्य को (b) वीरता दिखलाने वाले को

(c) सस्ती लोकप्रियता वाले को (d) अपनी प्रशंसा में रत रहने वाले को

**अथवा**

collegebatch.com

## काव्यांश–दो

हो गया पूर्ण अज्ञातवास,
पांडव लौटे वन से सहास,
पावक में कनक–सदृश तप कर
वीरत्व लिए कुछ और प्रखर
नस–नस में तेज–प्रवाह लिये,
कुछ और नया उत्साह लिये ।
सच है, विपत्ति जब आती है
कायर को ही दहलाती है,
शूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
काँटों में राह बनाते हैं ।
मुख से न कभी उफ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं
उद्योग निरत नित रहते हैं
भूलों का मूल नसाने को
खुद बढ़ विपत्ति पर छाने को ।
है कौन विघ्न ऐसा जग में
टिक सके वीर नर के मग में
खम ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़ ।
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है ।

collegebatch.com

(i) 'अज्ञातवास' का अर्थ है ? 1

(a) वन में बसना (b) गाँव में बसना

(c) अनजान स्थान पर रहना (d) गुप्त रूप से रहना

(ii) पांडव वन से किस रूप में लौटे थे ? 1

(a) कमजोर होकर (b) दृढ़ होकर

(c) निर्विकार भाव से (d) बदले की भावना से

(iii) विपत्ति में किसे घबराहट होती है ? 1

(a) कायर को (b) कमजोर को

(c) साहसी को (d) वीर को

(iv) 'पर्वत के जाते पाँव उखड़' – पंक्ति का भाव है 1

(a) उत्साह का संचार होना (b) कठिनाइयों का समाप्त होना

(c) अवरोध का सामने आना (d) हिम्मत का समाप्त होना

(v) 'मानव जब जोर लगाता है' – पंक्ति में मनुष्य के किस प्रकार के गुण की ओर संकेत है ? 1

(a) साहस (b) शक्ति

(c) परिश्रम (d) समर्पण

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(i) 'न्यूजपेग' से आप क्या समझते हैं ? 1

(a) कथात्मक शैली में लेखन

(b) आलेख की तरह लेखन

(c) केस स्टडी प्रारूप में लेखन

(d) अन्य खबर से जोड़ कर लेखन

collegebatch.com

(ii) समाचार पत्रों को सामान्य समाचारों से अलग हटकर विशेष क्षेत्रों के बारे में जानकारी क्यों देनी पड़ती है ? **1**

(a) बाजार में टिके रहने के लिए

(b) सभी तरह के विषयों पर लेखन के लिए

(c) पाठकों की रुचियों के लिए

(d) विज्ञापन प्राप्त करने के लिए

(iii) बीट कवर करने वाले रिपोर्टर को पत्रकारिता जगत में किस नाम से बुलाते हैं ? **1**

(a) संवाददाता (b) अंशकालिक पत्रकार

(c) पूर्णकालिक पत्रकार (d) फ्रीलांस पत्रकार

(iv) संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित होने वाले संपादकीय लेखन को माना जाता है – **1**

(a) संपादक की आवाज़ (b) पत्रकार की आवाज़

(c) अख़बार की आवाज़ (d) पाठक की आवाज़

(v) फीचर को किस प्रकार का लेखन माना जाता है ? **1**

(a) कथात्मक (b) आत्मनिष्ठ

(c) वर्णनात्मक (d) विवरणात्मक

4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया ।

कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया नि:शेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष ।

collegebatch.com

(i) काव्यांश में प्रयुक्त 'खेत' का अर्थ है – 1

(a) जमीन (b) कागज

(c) भाव (d) शब्द

(ii) 'कोई अंधड़ कहीं से आया' – पंक्ति में प्रयुक्त अंधड़ का अर्थ है – 1

(a) तूफान (b) धूल भरी आँधी

(c) भावों की आँधी (d) कठिनाइयाँ

(iii) बीज का अस्तित्व किसके संसर्ग से गल गया ? 1

(a) कल्पना (b) धरती

(c) भाव (d) कविता

(iv) भावना रूपी बीजों के गलने से क्या परिणाम मिला ? 1

(a) कवि की मेहनत व्यर्थ हो गई

(b) धरती पर अंकुर फूट पड़े

(c) कवि पुन: कल्पना करने लगा

(d) शब्दों के अंकुर फूट पड़े

(v) 'कल्पना' को रसायन क्यों कहा गया है ? 1

(a) सृजन को सुन्दर बनाने में सहायक

(b) सृजन को सरल बनाने में महत्त्वपूर्ण

(c) सृजन के विकास में सहायक तत्त्व

(d) सृजन का मूलभूत तत्त्व

collegebatch.com

5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

बाज़ार में एक जादू है । वह जादू आँख की राह काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा । मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा । कहीं हुई, उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है । मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ । सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है । पर यह सब जादू का असर है ।

(i) बाजार को जादू क्यों कहा गया है ? **1**

(a) आपूर्ति करने के कारण (b) भ्रम पैदा करने के कारण

(c) बाज़ार की महिमा के कारण (d) जरूरत पैदा करने के कारण

(ii) 'जादू की मर्यादा' से आप क्या समझते हैं ? **1**

(a) प्रभाव की सीमा (b) जादू का असर

(c) रूप के समान (d) निश्चित प्रभाव

(iii) बाजार का असर कब अधिक होता है ? **1**

(a) जेब और मन खाली होने पर (b) जेब और मन भरे होने पर

(c) जेब भरी और मन खाली होने पर (d) जेब खाली और मन भरे होने पर

(iv) मन खाली और जेब भरी होने पर बाजार का प्रभाव कैसा होता है ? **1**

(a) सहयोगी (b) उपहासक

(c) मर्यादित (d) विनाशक

(v) बाजार का सभी सामान उपयोगी लगने के क्या कारण हो सकते हैं ? **1**

(a) जादू का असर (b) सामान की कमी

(c) सब कुछ खरीदने की इच्छा (d) संतुलित मन के कारण

collegebatch.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प को चुनकर लिखिए : **10 × 1 = 10**

(i) 'समहाउ इंप्रापर' सिल्वर वैडिंग से लिए इस वाक्यांश में किस प्रकार के भाव की ध्वनि निकलती है ? **1**

(a) असंतोष की स्थिति (b) अनिर्णय की स्थिति

(c) असहयोग की स्थिति (d) असमंजस की स्थिति

(ii) 'जूझ' कहानी के नायक के जीवन में संघर्ष की अधिकता क्यों थी ? **1**

(a) सहायता नहीं मिलने से (b) पिता के सहयोगी नहीं होने से

(c) नहीं पढ़ पाने से (d) खेती का काम करने से

(iii) सिंधु सभ्यता के सबसे बड़े शहर का क्या नाम था ? **1**

(a) कालीबंगा (b) लोथल

(c) रोपड़ (d) मुअनजो-दड़ो

(iv) यशोधर बाबू ने दफ्तर की घड़ी को ही सुस्त क्यों ठहराया ? **1**

(a) घड़ी पुरानी थी । (b) उनकी घड़ी से नहीं मेल खाने से ।

(c) उन्हें जल्दी जाना था । (d) वे वक्त के पाबंद थे ।

(v) राजस्थान के कुलधारा गाँव के लोग कैसे थे ? **1**

(a) कायर (b) निर्बल

(c) दुर्बल (d) स्वाभिमानी

(vi) माँ ने कहा "अब तू ही बता, मैं का करूँ ?" – इस कथन में माँ के मन का भाव किस प्रकार का है ? **1**

(a) विवशता (b) असमर्थता

(c) शक्तिहीनता (d) निराशा

(vii) दत्ता जी राव का यह कथन – 'मैं पढ़ाऊँगा तुझे ।' – से दत्ता जी की लेखक के प्रति किस प्रकार की भावना प्रकट होती है ? **1**

(a) लेखक के पिता को छोटा समझना

(b) लेखक को बच्चा समझना

(c) लेखक के प्रति सहानुभूति

(d) लेखक को गरीब समझना

collegebatch.com

(viii) महाकुंड की दीवारों की चिनाई करने के लिए किस सामग्री का प्रयोग किया गया था ? **1**

(a) चूने और चिरोड़ी का (b) चूने और रेता का

(c) रेते और बदरपुर का (d) चूने और सीमेंट का

(ix) "पहली ही झलक में हमे अपलक कर दिया" – 'अतीत में दबे पाँव' पाठ से ली गई इस पंक्ति में 'अपलक कर दिया' का अर्थ है – **1**

(a) आश्चर्यचकित करना (b) प्रसन्न करना

(c) अभिभूत करना (d) चिंतित करना

(x) मुअनजो-दड़ो के खास हिस्से के सिरे पर स्थित स्तूप वाले चबूतरे को कहा जाता है ? **1**

(a) स्तूप (b) बौद्ध स्तूप

(c) गढ़ (d) राजधानी

## खंड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

7. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) कहानी और नाटक में क्या-क्या समानताएँ होती हैं ?

(ख) रेडियो नाटक और सिनेमा में क्या भिन्नता होती है ?

(ग) क्या नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन की कोई तकनीक हो सकती है ? इन्हें लिखते समय क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

8. दिए गए **चार** विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : **1 × 6 = 6**

(क) त्योहारों पर बाजार की चहल-पहल

(ख) अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत का बढ़ता कद

(ग) पकी फसल से लहलहाता खेत

(घ) नदी में अचानक पानी का बढ़ना

collegebatch.com

9. निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) मुद्रित माध्यमों के लिए लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

(ख) फीचर लेखन और समाचार लेखन की शैलियों पर विचार व्यक्त कीजिए ।

(ग) संपादकीय लेख कौन लिखता है ? समाचार पत्र–पत्रिकाओं में इसका क्या महत्त्व है ? इस लेखन के साथ किसी का नाम क्यों नहीं लिखा होता ?

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) तुलसीदास ने अपने युग की जिस दुर्दशा का वर्णन किया है, आज के संदर्भ में उस पर टिप्पणी कीजिए ।

(ख) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(ग) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का संदेश लिखिए ।

11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'बगुलों के पंख' कविता के आधार उस सौन्दर्य का वर्णन कीजिए जिसने कवि के मन को मोह लिया ।

(ख) 'बादल राग' कविता में कवि बादल को किस रूप में बुलाता है, और क्यों ?

(ग) तुलसीदास ने दरिद्रता की तुलना किससे की है और क्यों ?

12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) भक्तिन की तुलना हनुमान जी से करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "काले मेघा पानी दे" पाठ में मेढक मंडली पर लोगों द्वारा सहेजे गए पानी को फेंकने को पानी की निर्मम बरबादी क्यों कहा गया है ?

(ग) "शिरीष पुष्प केवल भौंरों के पदों का कोमल दबाव सहन कर सकता है, पक्षियों का बिलकुल नहीं" – कथन का भाव 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर कीजिए ।

collegebatch.com

13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **$2 \times 2 = 4$**

(क) लुट्टन पहलवान ढोल को ही अपना गुरु क्यों मानता था ?

(ख) "काले मेघा पानी दे" पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि जीजी पर गांधी का प्रभाव था ।

(ग) "बाज़ार दर्शन" पाठ में आए 'पर्चेजिंग पावर' से आप क्या समझते हैं ? इसका सकारात्मक उपयोग कैसे किया जा सकता है ?